नगर निगम, शाहजहाँपुर।

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 14.12.2020

## ''घर आंगन और गली मोहल्ला रखना है अब साफ कूड़ा करकट जो फैलाये करो न उसको माफ''

- **स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 के दृष्टिगत नगर निगम,शाहजहाँपुर द्वारा आज दिनांक 14.12.2020 को गाँधी भवन में गार्वेज फेस्ट का किया गया आयोजन।**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर दिनांक 13.12.2020 की रात्रि में सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता द्वारा किया गया अलावो का निरीक्षण।**

स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के अन्तर्गत कचरा निस्तारण के प्रति जनसामान्य को जागरूक किये जाने के उददेश्य से नगर निगम,शाहजहाँपुर द्वारा आज दिनांक 14.12.2020 को गाँधी भवन में गार्वेज फेस्ट का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग,मदरसा नूरूल हुदा,ग्रीन फ्यूचर कलक्टिव,आकांशा हाईस्कूल,प्रणाम इंटीरियर,जय गणेश जनसेवा समिति,वी0आई0पी0ग्रुप,शाहजहाँपुर,लोकभारती तथा लीड कान्वेन्ट द्वारा अपने–अपने स्टॉल लगाकर प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया गया।

प्रतिभागियो द्वारा शाहजहाँपुर को स्वच्छ बनाने के उददृश्य से नगर को प्लास्टिक (पालीथीन) व कूडा मुक्त करने के लिये विभिन्न प्रकार की मनमोहक प्रदर्शनी लगाई गई। लीड कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों के द्वारा नगर को स्वच्छ बनाने व मेरा कूडा–मेरी जिम्मेदारी के संदश के साथ नुक्कड नाटक कर लोगों से कूडा निस्तारण के प्रति अपनी जिम्मेदारी लेने की अपील की गई। बेसिक शिक्षा परिषद की प्रदर्शनी श्रीमती सुखमीत कौर, जिला स्काट गाईड सुश्री निखत परवीन, जिला गाइड कैप्टन सुश्रो तपिन्दर कौर व कॉट से कस्तूरा गाँधी विधालय की सुश्री पूर्णिमा रस्तोगी तथा सुश्री सपना रानी के द्वारा **हमारा शहर** की थीम का **मॉडल आफ,शाहजहाँपुर** तैयार कर घण्टाघर, शहीद पार्क,गाँधी भवन,खन्नौत नदी का प्रदर्शित किया गया। सालिड वेस्ट मैटेरियल से उपयोग होने वाली वस्तुओं को तैयार कर स्टाल डेकोरट किया गया। बेसिक शिक्षा परिषद के द्वारा स्वच्छता पर झांकी तैयार की गई। एक छात्र द्वारा महात्मा गाँधी जी वेशभूषा में नगर को साफ एव स्वच्छ वातावरण बनाने के लिये अपनी कविताओ एवं स्वच्छता पर 02 का पहाड़ा सुनाकर नगरवासियो को संदेश दिया। मदरसा नरुल हुदा–बिजलीपुरा के प्रबन्धक श्री इकबाल हुसैन व श्री मुईन खान,श्री अब्दुल कादिर,श्री सईद शारिक अली,सुश्री सुबुही,सुश्री शबीहा सुल्ताना द्वारा वेस्ट जैसे–पानी की बोतलों व ग्लूकोस से फलॉवर पॉट बनाना,मूगँफली के छिलके समान से उपयोग होने वाली वस्तु जैस क्रिसमस ट्री आदि बनाकर स्टॉल को प्रदशित किया गया। स्वंय सहायता समूह ग्रीन फयूचर कलेक्टिव की इंचार्ज सुश्री नूर बानो व उनकी टीम द्वारा फैबरिक वेस्ट मैटेरियल को उपयोग कर कोस्टर,ऐयरिंग व हेयर बैन्ड बनाये गये। आकाक्षा हाई स्कूल –चमकनी करबला की प्रधानाचार्य श्रीमती उष्मिता सक्सेना की टीम द्वारा वेस्ट मैटेरियल को उपयोग कर कॉच व प्लास्टिक से गमले बनाकर स्टॉल को प्रदर्शित किया गया। प्रणाम इन्टीरियर्स की इंचार्ज डा0 ऊषा गर्ग और उनकी टीम के द्वारा पुराने कपड़ो व फ्लैक्स से थले बनाये गये। जय गणेश जनसेवा समिति की इंचार्ज श्रीमती पूनम महरोत्रा व उनकी टीम द्वारा गाय के गोबर से पूजा सामग्री जैसे दीपक, उपला, गूगल धूप,रूई बाती आदि बनाकर स्टॉल पर प्रदर्शित किया गया।

लोक भारती के द्वारा घरेलू हरित कचरा निस्तारण हेतु संयत्र लगाया गया। वी0आई0पी0 ग्रुप के इंचार्ज श्रीमती नीतू गुप्ता, श्री अभिनव गुप्ता व उनकी टीम की ओर से पुराने अखबारो व शादी के कार्ड से फ्लावर पॉट बनाये गये। ग्रीन ग्रुप लीड कान्वेन्ट मो0 तारीन टिकली की इंचार्ज /प्रधानाचार्य श्रीमती तराना जमाल व सुश्री तुलिका बाजपेई, सुश्री नूरी खान, सुश्री श्रुति सिंह, सुश्री चॉदनी, सुश्री मोनिका सिंह एवं सुश्री सईदा रूकैय्या के द्वारा बेस्ट मैटिरयल से उपयोगी सामान बनाये गये, जसे बोरी से थैले बनाये,कोल्डड्रिन्क व विसरेली की बोतलो से डस्टबिन बनाई गई एवं पुराने अखबारो से फ्रेम,बैग, हाउस, साइकिल एवं पुराने कपड़ो से मास्क बनाकर स्टॉल पर प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा नगर निगम,शाहजहॉपुर के कार्य की प्रशंसा की गई साथ ही महोदय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो से अपील की गई कि नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाने के लिये प्लास्टिक का उपयोग न करे एवं अपना कूड़ा अपनी जिम्मेदारी को समझकर कूड़ा का निस्तारण –5 आर के सिद्धान्त पर करे। अपने लिये अनुपयोगी सामानो को अन्य जरूरतमद व्यक्तियो को दे। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री एस0 आनन्द द्वारा नगर निगम के द्वारा कूड़े निस्तारण हेतु उठाये गये इस कदम की सराहना की गई। नगर आयुक्त महोदय द्वारा समस्त प्रतिभागियो के इस कार्य की सराहना की गई और समस्त नगर वासियो से स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 में सक्रिय सहभागिता करते हुये सवेक्षण के दौरान पूॅछे जाने वाले प्रश्नो के सकारात्मक उत्तर देते हुये नगर निगम,शाहजहॉपुर को प्रथम स्थान पर लाने के लिय अपील की गई। नगर आयुक्त महोदय ने कहा कि इस तरह के आयाजन जन–सामान्य की सुविधा को ध्यान में रखते हुये उनके क्षेत्रों में भी किये जायेगें, जिससे कूडे के ठोस प्रबन्धन हेतु सभी को अच्छे से जानकारी प्राप्त हो सके। नगर आयुक्त महोदय द्वारा गार्वेज फेस्ट में प्रतिभाग करने वाली सभी संस्थाओ एवं उनके आयोजको के कार्यो की प्रशंसा की गई तथा प्रदर्शनी में आये हुये सभी व्यक्तियो का आभार व्यक्त किया गया। आयोजन में प्रतिभाग करने वाली संस्थाओ द्वारा जिलाधिकारी महोदय,पुलिस अधीक्षक एवं नगर आयुक्त महोदय को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय श्री एस0 आनन्द,अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0 सिह,उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफीसर– कैन्ट श्री किरन एन0 संवेडकर, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती,श्री अगंद गुप्ता,मुख्य अभियंता सिविल श्री दिनेश चन्द्र सचान, नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री0 ओ0पी0 गौतम, नगर के व्यापार मण्डल पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन की उपस्थित जनसमुदाय द्वारा प्रशंसा की गई। इस कार्यक्रम का संचालन श्री इंदु अजनवी ने किया।

- नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर दिनांक 13.12.2020 की रात्रि में सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता द्वारा अलावो का निरीक्षण किया गया। सहायक नगर आयुक्त द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रो में जैसे रेलवे स्टेशन,रोडवेज,वर्कशाप, विश्वनाथ मंदिर एवं अन्य क्षेत्रों में शीत लहर से बचाव हेतु लगे अलाव की व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के समय शीत लहर के प्रकोप से बचाव हेतु नियमित रूप से नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अलाव लगाये जाने के लिये सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त के साथ सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश दीक्षित उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त<br>
नगर निगम,शाहजहॉपुर